# छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

प्रधान कार्यालयः ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7 (A)सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
CIN - U01135CT2001SGC014669, Website-http://rvvn.cgstate.gov.in,
E-mail- vanvikasnigam@yahoo.com GSTN - 22AACCC2857LAZF

क्र. / वविनि / 03 / 2022 / 2953 नवा रायपुर / दिनांक 22 / 07 / 2022

## विज्ञप्ति

विषयः– क्षेत्ररक्षक के सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा आयोजित द्वितीय चरण की परीक्षा परिणाम बाबत्।

–00–

छ.ग. व्यापम द्वारा क्षेत्ररक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर वन विकास निगम द्वारा द्वितीय चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, मूल अभिलेखो की जांच / शारीरिक मापदण्ड की परीक्षा हेतु चयनित 243 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र प्रेषित किया जाकर परीक्षा कार्यक्रम की विज्ञप्ति निगम की वेबसाईट में अपलोड की गई थी।

दिनांक 23.05.2022 को चयनित 243 अभ्यर्थियों में से उपस्थित 108 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली गई। 800 मीटर दौड़ की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 108 अभ्यर्थी में से 05 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

शारीरिक दक्षता परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों को पैदल चालन परीक्षा में उपस्थित होने हेतु बुलावा पत्र प्रेषित किया जाकर पैदल चालन बाबत् विज्ञप्ति निगम की वेबसाईट में अपलोड की गई थी।

दिनांक 06.07.2022 एवं दिनांक 07.07.2022 को आयोजित पैदल चालन परीक्षा में 108 अभ्यर्थी में से 14 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे तथा 3 अभ्यर्थी पैदल चालन परीक्षा में अपात्र पाये गये।

शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं पैदल चालन परीक्षा में उपस्थित 108 अभ्यर्थियों के छ.ग व्यापम द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के अंक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंको को सम्मिलित कर मेरिट अनुसार एकजाई अंतिम परिणाम की सूची संलग्न है।

एकजाई अंतिम परिणाम सूची के आधार पर क्षेत्ररक्षक पद पर नियुक्ति हेतु वर्गवार गुणानुक्रम के आधार पर कुल 47 चयनित अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है।

छ.ग. राज्य वन विकास निगम

प्रबंध संचालक